**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 411**
**दिनांक 03 दिसंबर, 2025 / 12 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए**

**जेलों की स्थिति**

**411 सुश्री दोला सेनः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) देश की जेलों में उपलब्ध क्षमता के मुकाबले बंद कैदियों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;**

**(ख) विचाराधीन कैदियों की कुल संख्या का स्त्री-पुरुष वार ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान मंत्रालय द्वारा राज्य कारागार प्राधिकरणों को जारी धनराशि का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है (करोड़ रूपये में)?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री बंडी संजय कुमार)**

(क): राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उसे सूचित किए गए कारागार संबंधी आंकड़ों को संकलित करता है और इन्हें अपने वार्षिक प्रकाशन "प्रिजन स्टेटिस्टिक्स इंडिया" में प्रकाशित करता है। नवीनतम प्रकाशित रिपोर्ट वर्ष 2023 की है। 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार, देश की सभी जेलों की कुल उपलब्ध क्षमता 4,39,119 थी, जिसके सापेक्ष में 5,30,333 कैदी उनमें बंद थे।

(ख): 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार, देश की जेलों में 3,73,999 पुरुष विचाराधीन कैदी; 15,825 महिला विचाराधीन कैदी और 86 ट्रांसजेंडर विचाराधीन कैदी बंद थे।

(ग): विगत पांच वर्षों के दौरान गृह मंत्रालय द्वारा राज्य कारागार प्राधिकरणों को जारी की गई निधि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

*****

<u>राज्य सभा अता.प्र.सं. 411, दिनांक 03.12.2025</u>

**अनुलग्नक**

**विगत पांच वर्षों के दौरान गृह मंत्रालय द्वारा राज्य कारागार प्राधिकरणों को जारी निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार विवरण (करोड़ रुपये में)**

| क्रम संख्या | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वित्तीय वर्ष 2020-21 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 0 | 0 | 13 | 0 | 13 |
| 4 | बिहार | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | गोवा | 0 | 3 | 0 | 0 | 1.65 |
| 7 | गुजरात | 0 | 0 | 5 | 0 | 1.5 |
| 8 | हरियाणा | 0 | 0 | 6 | 5 | 0 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | झारखंड | 0 | 0 | 10 | 0 | 10 |
| 11 | कर्नाटक | 0 | 9 | 10 | 28 | 10 |
| 12 | केरल | 0 | 7 | 0 | 0 | 2.5 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 15 |
| 14 | महाराष्ट्र | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | मणिपुर | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | मेघालय | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 |
| 17 | मिजोरम | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | नागालैंड | 0 | 0 | 1.50 | 0 | 0 |
| 19 | ओडिशा | 0 | 9 | 0 | 7 | 0 |
| 20 | पंजाब | 0 | 0 | 16 | 25 | 24.2 |
| 21 | राजस्थान | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 |
| 22 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | तमिलनाडु | 0 | 0 | 10 | 0 | 33 |
| 24 | तेलंगाना | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | त्रिपुरा | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 |
| 27 | उत्तराखंड | 0 | 0 | 0 | 5 | 0 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 0 | 0 | 0 | 10 | 0 |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 30 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन दीव | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 32 | दिल्ली | 0 | 0 | 14 | 0 | 7 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 |
| 34 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पुदुचेरी | 0 | 0 | 0.50 | 0 | 0 |
|  | **कुल** | 0 | 50 | 100 | 91 | 121.85 |

*****